पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी

——————

राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस—2023 पर सम्पन्न हुआ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

——————

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के सन्देश का हुआ प्रसारण ,प्रधानमंत्री जी ने कहा योग एक वैश्विक आंदोलन

——————

योगाभ्यास प्रतिभागियों ने उपराष्ट्रपति जी के सन्देश प्रसारण को भी सुना

——————————

राज्यपाल ने कहा स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में आत्मसात करें

——————

शारीरिक योग के साथ कर्मयोग भी करें

—राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

भारत की सनातन संस्कृति से जुड़े योग को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया

—उपमुख्यमंत्री, श्री बृजेश पाठक

——————

योग भारत के ऋषि मुनियों की देन, इसे जन–जन तक पहुँचाएं

–मुख्य सचिव, श्री दुर्गाशंकर मिश्र

——————

लखनऊ : 21 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी। प्रदेश के कई हिस्सों के साथ राजधानी लखनऊ में हुयी बारिश से सुहावने हुए मौसम के बीच आज राज्यपाल जी की गरिमामयी उपस्थिति में वसुधैव कुटुम्बकम् के लिए योग की थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, श्री बृजेश पाठक तथा मुख्य सचिव, श्री दुर्गाशंकर मिश्र जी के साथ राजभवन के विविध सभागारों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षित योगाचार्यों के कुशल नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, राजभवन के अध्यासितों और उनके परिजनों तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में योगाभ्यास में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के वीडिओ सन्देश का प्रसारण किया गया। इस संदेश में माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कर्म में कुशलता ही योग है। आजादी के अमृतकाल में ये मंत्र बहुत अहम है जब हम योग की सिद्धी तक पहुँच जाते हैं। योग के जरिए हमने कर्मयोग की यात्रा की है। मुझे विश्वास है कि योग से हम अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। उनके इस संदेश में योग के सन्दर्भ में भारत के आह्वान पर 180 से ज्यादा देशों के एक साथ आने की ऐतिहासिक और अभूतपूर्व घटना की जानकारी मिली।

प्रतिभागियों को कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनखड़ जी के उद्बोधन प्रसारण सुनने का लाभ भी मिला।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए योग को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा नियमित योग करके इसे जीवनचर्या में इस भांति शामिल करें की ये एक मस्तिष्क संचालित क्रिया की भांति आत्मसात हो जाये।

राज्यपाल जी ने अपने उद्‌बोधन में शारीरिक योग के साथ–साथ कर्मयोग की प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा जिस प्रकार योग हमें निरोग करता है, उसी प्रकार कार्यों का प्रतिबद्धता से निष्पादन मन को स्वस्थ करता है। उन्होंने योग को लेकर विश्व गुरु के रूप में भारत की स्थापित हुयी छवि का श्रेय प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व को दिया।

उपमुख्यमंत्री, श्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि योग हमारी सनातन संस्कृति से जुड़ा है। इसके अन्तर्निहित महत्व को समझकर प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से आज पूरे विश्व ने इसे स्वीकार कर लिया है।

मुख्य सचिव, श्री दुर्गाशंकर मिश्र ने योग को भारत के ऋषि–मुनियों की देन बताते हुए स्वस्थ जीवन के लिए स्वयं अपनाने और जन–जन तक पहुँचाने को कहा।

आज के कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव श्री पार्थ सारथी शर्मा, प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी, जिलाधिकारी लखनऊ श्री सूर्यपाल गंगवार, मुख्यमंत्री सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी सहित, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361